प्रभात खबर

# Giridih News: कार समेत 25 पेटी नकली विदेशी शराब जब्त, एक गिरफ्तार




जमुआ थाना क्षेत्र के डोमनपहाड़ी में जमुआ पुलिस ने मंगलवार की सुबह एक कार में 25 पेटी नकली शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. जब्त कार संख्या जेएच11 एच- 8087 में 25 पेटी विदेशी शराब व एक मोबाइल मिला है. पुलिस सूत्रों के अनुसार जब्त शराब की अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये है. यह जमुआ पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी है. इस संबंध में खोरीमहुआ के एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने जमुआ थाना में मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गिरिडीह एसपी द्वारा दूरभाष पर सूचना मिली कि एक सिल्वर रंग की मारुति ओमनी कार में अवैध रूप से नकली अंग्रेजी शराब को लोड कर डोमनपहाड़ी होते हुए जमुआ की तरफ ले जाया जा रहा है. सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए मेरे नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया. गठित दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जमुआ के डोमनपहाड़ी चौक पर वाहन चेकिंग के दौरान कार को जब्त किया गया. कार में नकली अंग्रेजी शराब लोड थी. शराब की पेटी बाहर से दिखाई नहीं दे रही थी. शराब तस्कर गोपाल साहू, पिता खोशी साहू, गढ़पट्टी थाना पचंबा निवासी ओमनी कार को सखुआ के पत्ते से ढंककर ले जा रहा था. इसमें चालक सह गाड़ी मालिक गोपाल साहू को गिरफ्तार किया गया. कड़ाई से पूछताछ में उसने बताया कि नकली शराब को वासुदेव साव, पिता खेलो साव, ग्राम बेको, सोनापहाड़ी थाना बगोदर, जिला गिरिडीह एवं मनोज यादव के साथ मिलकर तस्करी करने एवं व्यापार करने के लिए ले जा रहा था. इस संबंध में जमुआ थाना में कांड संख्या 168 /25 उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है. फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है.

Source: [https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/giridih/25-boxes-of-fake-foreign-liquor-including-a-car-seized](https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/giridih/25-boxes-of-fake-foreign-liquor-including-a-car-seized)